# कोराना वायरस से बचाव हेतु एसओपी बनाएगा सीसीएल – सीएमडी



सम्बोधित करते सीएमडी श्री गोपाल सिंह

"कोराना वायरस" देश के विभिन्न राज्य में फैल रहा है उसको देखते हुये सीसीएल के सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसेस (एसओपी) बनाने का निर्देश दिया है, जिससे सीसीएल वृहद परिवार एवं राज्यवासियों को "कोराना वायरस" से बचाव के लिए एहतियात बरती जा सके। विगत 18 मार्च को सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस के प्रागंण में सीसीएल कर्मियों को 'कोरोना वायरस' के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया। इस अवसर पर सीसीएल के सीएमडी श्री गोपाल सिंह, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव, सीसीएल सीएमएस डॉ. सी.पी. धाम, डॉ. डी.के.एल. चौहान सहित सीसीएल के पूर्व सीएमएस डॉ. राकेश आर्या, डॉ. आर.आर. सिन्हा, डॉ. बी.एम.के. सिन्हा, डॉ. मजूश्री सिंह सहित बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मी उपस्थित थे।

सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने 'कोर ग्रुप' बनाने का निर्देश देते हुये कहा कि एसओपी (Standard Operating Procedure) यथाशीघ्र निर्माण किया जाय जिससे सीसीएल मुख्यालय सहित सभी कमांड क्षेत्रों में कार्यरत कर्मियों को लाभ मिल सके और हम सभी कोरोना वायरस से बचाव कर सकें।

---

# सीसीएल के लाल/लाडली रथ रवाना



झंडा फहराकर रथ को रवाना करते सीएमडी श्री गोपाल सिंह

सीसीएल के लाल/लाडली योजना के प्रचार–प्रसार हेतु विगत 13 मार्च को एक रथ मुख्यालय से रवाना किया गया। इस योजना के अंतर्गत चयनित छात्रों/छात्रियों को निःशुल्क रहने, खाने, गांधीनगर डीएवी में पढ़ने तथा आईआईटी में प्रवेश हेतु प्रशिक्षण दिया जाता है। यह रथ सीसीएल के विभिन्न परियोजनाओं में जाकर वहाँ इस योजना का प्रचार–प्रसार करेगा, जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थी आवेदन दे सके। इस अवसर पर सीएमडी ने झंडा दिखाकर रथ को रवाना किया। इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक (तकनीकी/संचालन), निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना), महाप्रबंधक (सीएसआर) एवं बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।







सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
दरभंगा हाउस, कचहरी रोड, राँची – 834029, (झारखण्ड)
TOLL FREE NO. 18003456501 सम्पर्क करें: @CCLRanchi @CentralCoalfieldsLtd centralcoalfieldltd Central Coalfields Limited www.centralcoalfields.in



सम्पादक : दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, सहायक प्रबंधक (सीडी), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित (आंतरिक वितरण हेतु)



# अपनी बात

अंक : 554 वर्ष 42 | सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका | राँची, 31 मार्च, 2020


# कोल इंडिया अध्यक्ष ने सीसीएल के कार्य–निष्पादन की समीक्षा की



कार्य निष्पादन की समीक्षा करते कोल इण्डिया अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल

सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची में कोल इंडिया के अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल ने सीसीएल के कार्य निष्पादन की समीक्षा की। बैठक में सीएमडी श्री गोपाल सिंह, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री भोला सिंह, निदेशक (वित्त) श्री एन.के. अग्रवाल, सीवीओ, श्री ए.के. श्रीवास्तव, निदेशक (तकनीकी), बीसीसीएल श्री चंचल गोस्वामी सहित सीसीएल मुख्यालय के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। सभी क्षेत्रीय महाप्रबंधक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक से जुड़े रहे।

बैठक में कोयला उत्पादन, प्रेषण, भूमि अधिग्रहण सहित अन्य बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। समीक्षा बैठक में श्री अग्रवाल ने सभी बिन्दुओं को ध्यान से सुना और इस दिशा में कोल इंडिया की ओर से पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आशवासन दिया। श्री अग्रवाल ने कहा कि कोल इंडिया सहित कोयला मंत्रालय (भारत सरकार) सभी अनुषंगी कंपनियों को हरसंभव सहयोग प्रदान करती आयी है और आगे भी हमारा सहयोग मिलता रहेगा।



कार्य निष्पादन की समीक्षा करते कोल इण्डिया अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल

सीएमडी श्री सिंह ने कहा कि सीसीएल वित्तीय वर्ष 2012–13 में जहाँ 48 मिलियन टन कोयला उत्पादन से आगे नहीं बढ़ पा रहा था और आज उसी संसाधन एवं श्रम शक्ति के साथ लगभग 68 मिलियन टन कोयला उत्पादन करने जा रहा है। इस विकास की गति में केन्द्र सरकार, कोयला मंत्रालय एवं राज्य सरकार का सहयोग सदैव मिलता रहा है। श्री सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि सी.सी.एल. 100 मिलियन टन कोयला उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कृतसंकल्पित है।

## सीसीएल – लड़ेगा, जीतेगा कोरोना को हराएगा

## कोरोना से डरें नहीं – सावधानी बरतें

# सीएसआर कॉन्क्लेव' में सीसीएल का भव्य स्टॉल



सीसीएल स्टॉल का उद्घाटन करते नीति आयोग के सीईओ श्री अमिताभ कांत

भारी उद्योग एवं लोक उद्यम (भारत सरकार) द्वारा 03 मार्च, 2020 को होटल अशोका, नई दिल्ली में 'सीएसआर कॉन्क्लेव' का सफल आयोजन किया गया। कॉन्क्लेव का विषय था "सीपीएसई द्वारा आकांक्षात्मक जिलों– सार्वजनिक उपक्रमों के सीएसआर के विभिन्न पहल से परिवर्तन लाना।

इस कॉन्कलेव में अन्य उद्योग संस्थाओं सहित सीसीएल ने भव्य स्टॉल लगाकर अपने सीएसआर के दायित्व को दर्शाया। स्टॉल का उद्घाटन नीति आयोग के सीईओ श्री अमिताभ कांत द्वारा किया गया। स्टॉल में सीसीसल द्वारा सीएमडी श्री गोपाल सिंह के कुशल नेतृत्व में किये जा रहे सीएसआर के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, कौशल विकास आदि कार्यों को छायाचित्र के माध्यम से दिखाया गया।

# जन–सामान्य के लिए वरदान – जन औषधी केन्द्र

## सीसीएल गांधीनगर अस्पताल में जन–औषधी केन्द्र दिवस मनाया गया



दीप प्रज्ज्वलित करते केन्द्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुण्डा

विगत 07 मार्च को जन–औषधी केन्द्र के स्थापना दिवस पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश के समस्त जन औषधी संचालको को संबोधित किया। इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री के संबोधन को सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल गांधीनगर में जनजातिय मामलों के केन्द्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुण्डा एवं सीसीएल के सीएमडी श्री गोपाल सिंह, सीसीएल के सीएमएस डॉ सी.पी. धाम, सीएमएस, गांधीनगर, डॉ मंजू मिश्रा, डॉ वी.के. सिंह सहित अस्पताल के चिकित्सकगण एवं अधिकारीगण सहित आमजन ने लाईव देखा और धैर्यपूर्वक सुना। माननीय केन्द्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुण्डा ने जन–औषधी केन्द्र दिवस के अवसर पर सीसीएल केन्द्रीय अस्तपाल गांधीनगर में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि आज हम सभी ने प्रधानमंत्री श्री नरेद्र मोदी जी को वीडियो कॉन्फेंसिंग के माध्यम से सुना और जाना कि किस प्रकार भारत जेनेरिक दवाईयों का सदुपयोग करते हुये लाखों करोड़ों गरीब एवं वंचित लोगों तक पहुंचा रहा है। इस अवसर पर सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने केन्द्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुण्डा तथा उपस्थित सभी झारखंडवासियें का स्वागत तथा अभिनंदन करते हुये कहा कि सीसीएल वृहद परिवार का सौभाग्य है कि आज केन्द्रीय अस्पताल गांधीनगर के प्रांगण में जन औषधी दिवस मनाया जा रहा है । श्री सिंह ने कहा कि आज जरूरतमंद मरीजों को जन–औषधी केद्र के माध्यम से हमें दवाईयां 60 से 80 प्रतिशत सस्ती मिल रही है और उनकी गुणवता भी श्रेष्ठ है। यह आमजन के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इस अवसर पर सेनेटरी पैड, हॉरलिक्स, मास्क आदि विभिन्न सामग्रियों का निःशुल्क वितरण किया गया।

# सीवीओ को भावभीनी विदाई



सीवीओ श्री ए. के. श्रीवास्तव को प्रतीक चिह्न देते सीएमडी श्री गोपाल सिंह

विगत 07 मार्च को सीसीएल के सीवीओ श्री ए.के. श्रीवास्तव को सीसीएल परिवार की ओर से "विचार मंच" में "सम्मान समारोह" का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। सम्मान समारोह में सीएमडी श्री गोपाल सिंह, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री भोला सिंह, निदेशक (वित्त) श्री एन.के. अग्रवाल ने समारोह के केंद्र बिन्दु श्री ए.के. श्रीवास्वत का अभिनंदन एवं स्वागत किया तथा पुष्पमाला, स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष, श्रमिक संघ के प्रतिनिधिगण एवं अन्य ने पुष्पमाला पहनाकर उनका सम्मान किया।

# सीसीएल ने किया वर्तमान वित्तीय वर्ष में एक दिन का सर्वाधिक कोयला उत्पादन



सीसीएल का कोयला स्टॉक

पूरे विश्व सहित हमारा देश कोरोना के विरुद्ध एक अभूतपूर्व युद्ध लड़ रहा है। इस कठिन समय में देश के हज़ारों अस्पातलों सहित लॉकडाउन में अपने घरों में बंद करोड़ों देशवासियों को बिजली पहुँचती रहे इसलिए सीसीएल सहित कोल इंडिया की सभी अनुषंगी कम्पनियाँ निर्बाध रूप से कोयला उत्पादन कर रहें है। कोरोना वायरस से उत्पन्न हालात के बीच कोयला कंपनियों के लगभग 2 लाख 80 हजार अधिकारी और कर्मचारी निस्वार्थ सेवा भाव से अपने कार्यों में जुटे हुए हैं। इस विपरीत परिस्थिति में सभी चुनौतियों का सामना करते हुए सीसीएल ने 28 मार्च 2020 को एक दिन में लगभग 6 लाख टन कोयला उत्पादन कर वित्तीय वर्ष 2019–20 के किसी एक दिन में सर्वाधिक कोयला उत्पादन किया, जो इन परिस्थितियों में निःसन्देह अभुतपूर्व है। 27 मार्च को भी सीसीएल द्वारा 5 लाख टन से ज्यादा कोयला उत्पादन किया गया था, जो इस वित्तीय वर्ष का सर्वाधिक था, लेकिन अगले ही दिन सीसीएल के कोयला योद्धाओं ने खुद का ही रिकॉर्ड तोड़ दिया।

# राष्ट्रीय एससी/एसटी हब वेंडर विकास कार्यक्रम का आयोजन




भाषण देते महाप्रबंधक (एमएम) श्री ए. के. ठाकुर

मुख्यालय दरभंगा हाउस स्थित 'विचार मंच' में 'राष्ट्रीय एससी/एसटी हब वेंडर विकास कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (एमएम) श्री ए.के. ठाकुर, महाप्रबंधक (भंडार) श्री एस.पी. नारायण, महाप्रबंधक (उत्खनन) श्री ए.के. झा, महाप्रबंधक (सीएमसी) श्री राजीव सिंह, महाप्रबंधक (नगर प्रशासन) श्री आर.के. श्रीवास्तव, एससी/एसटी हब, राज्य प्रमुख श्री विनोद कुमार, मुख्य प्रबंधक (वाशरी) श्री रमन कुमार के अतिरिक्त बड़ी संख्या में एससी/एसटी उद्यमी एवं सीसीएल के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एसटी/एससी उद्यमियों को उद्योगों में आगे लाने के लिए आयोजित किया गया था। लघु उद्यमियों के सर्वागींण विकास के लिए सीएमडी श्री गोपाल सिंह के दिशा–निर्देश में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सीसीएल प्रबंधन द्वारा सरकार की आर्थिक नीतियों के बारे में भी उपस्थित सभी प्रतिभागियों को अवगत कराया गया।

# राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक



राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक

विगत 05 मार्च को मुख्यालय, दरभंगा हाउस रांची के "कोयला कक्ष" में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही (अक्टूबर से दि. सम्बर, 2019) बैठक संपन्न हुई। सीएमडी श्री गोपाल सिंह के नेतृत्व में कंपनी राजभाषा के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस बैठक में मुख्यालय सहित कंपनी के सभी क्षेत्रों के प्रतिनिधिगण ने भाग लिया।

बैठक में हिन्दी के उपयोग के विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा हुई एवं अभी तक के विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गई।

बैठक का संचालन श्री दिविक दिवेश ने किया।